खिलवाड़ | म .प्र थैलेसिमिया जनजागरण समिति के स्टिंग ऑपरेशन से खुली पोल

# मेडिकल अस्पताल में हो रहा था खून का सौदा...

### 2 दलालों को रंगेहाथों पकड़ा पुलिस के हवाले किया





**नवभारत,जबलपुर।** नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज अस्पताल में एक बार फिर खून के काले कारोबार का पर्दाफाश हुआ है। इस बार खून के 2 दलालों को म.प्र थैलेसिमिया जनजागरण समिति के पदाधिकारियों ने स्टिंग ऑपरेशन करके मेडिकल के सिक्योरिटी गार्ड के हवाले किया जिसके बाद इन दलालों को गार्डों द्वारा गढ़ा पुलिस थाना में ले जाया गया। जानकारी के अनुसार शनिवार दोपहर करीब ढाई बजे मेडिकल के इंडियन कॉफी हाउस में ब्लड डोनेशन संस्था म.प्र थैलेसिमिया जनजागरण समिति के पदाधिकारियों से दो दलालों ने जैसे ही 5 हजार रुपए में एक यूनिट खून बेचने की बात कही, ठीक वैसे ही उन्होनें मेडिकल अस्पताल प्रबंधन के जिम्मेदार अधिकारियों को जानकारी दी.. बस फिर क्या था सूचना पर तत्काल मेडिकल के सिक्योरिटी गार्ड पहुंच गए और खून बेचने की बात कहने वाले दो युवकों को पकड़कर पुलिस थाने ले गए। इस संबंध में समिति के पदाधिकारियों ने नवभारत को बताया कि एक जरूरतमंद को खून देने के लिए वे मेडिकल अस्पताल आए थे जहां उनकी मुलाकात एंड्रय जॉर्ज और जॉनसन फ्रांसिस के रूप में हुई है। इन युवकों ने उन्हें बताया कि वे कुछ रूपए लेकर खून उपलब्ध करा देंगे और ये सुविधा पूरी तरह प्राईवेट रहेगी। पूरे मामले में गढ़ा टीआई प्रसन्न कुमार शर्मा ने नवभारत से कहा कि ब्लड डोनेशन संस्था द्वारा दो युवकों को खून की दलाली करते हुए पकड़ा गया था और फिर मेडिकल के गार्ड द्वारा थाने लाया गया है, जिसमें युवकों से पूछताछ जारी है। पूछताछ व जांच पूरी होने के बाद एफआईआर दर्ज की जाएगी।

### आज तक दलालों पर नहीं हुई ठोस कार्रवाई

ये कोई पहला मौका नहीं है जब संभाग के सबसे बड़े मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मरीजों व उनके परिवार की मजबूरी का फायदा उठाकर दलालों द्वारा खून बेचा गया हो। इसके पहले भी कई दलाल मेडिकल परिसर से पकड़े तो गए हैं लेकिन जब ये पुलिस थाने आते हैं तो इन पर आज तक कोई ठोस कार्रवाई भी नहीं है। जानकारी के अनुसार सिक्योरिटी गार्ड खून के दलालों को थाने लेकर तो आते हैं लेकिन बाद पुलिस जब पुलिस जांच के लिए, बयान के लिए इन्हें थाने बुलाती है तो वे आते नहीं है जिसका फायदा सीधा खून के दलालों को हो जाता है। अभी तक यही देखा गया है कि खून बेचते मेडिकल में जो पकड़े गए हैं उनके खिलाफ पुलिस ने मामूली धाराएं के तहत मामला बनाकर छोड़ दिया है। इस बार फिर से दो खून के दलाल गढ़ा पुलिस के शिकंजे में है क्या पुलिस की कार्यशैली बदलेगी , क्या दलालों पर ठोस कार्रवाई होगी या फिर पुराने ढर्रे पर ही पुलिस अपना काम करेगी.. ये सारी चीजें आने वाले दिनों में साफ हो जाएंगीं। विदित हो कि मेडिकल अस्पताल में खून की दलाली का एक गिरोह सक्रिय है जो कि मरीजों की मजबूरी का फायदा उठाकर 3 हजार से लेकर 10 हजार रुपए तक में खून बेचने का काम करता रहा है।

### प्रबंधन की जिम्मेदारी सिर्फ फोटो लगाने तक सीमित

मेडिकल डीन डॉ. नवनीत सक्सेना ने नवभारत से कहा कि मेडिकल अस्पताल में खून की दलाली करने वाले जितने सामने आए हैं उन सभी की फोटो मेडिकल परिसर में लगा दी जाती थी और मरीजों से अपील की जाती है कि इन दलालों से सावधान रहें। इस बार दो दलालों को पकड़कर पुलिस के हवाले किया गया है। कार्रवाई का जिम्मा पुलिस का है। डीन की इस बात से ये तो साफ हो गया कि खून के दलालों को लेकर अस्पताल प्रबंधन की कार्रवाई सिर्फ परिसर में फोटो लगाने तक ही सीमित है।

# दफ्तरों के गलियारे

### मांगों का तो बहाना, पुत्र मोह में करवा की थी हड़ताल

जिले के सबसे बड़े विश्वविद्यालय में विगत माह कर्मचारी संघ द्वारा कुछ मांगो को लेकर हड़ताल कर दी थी। लगभग 25 दिनों तक चली हड़ताल में कुछ और भी रंग देखने को मिले। जहां संघ के बड़े नेता ने कुछ दिनों बाद हड़ताल स्थगित कर दी थी तो वहीं संघ के दूसरे नेता ने हड़ताल जारी रखते हुए अपने ही नेता के खिलाफ मोर्चा खोल दिया था और बड़े नेता द्वारा हड़ताल स्थगित करने के बाद भी हड़ताल जारी रखी। सूत्रों के अनुसार जो नेता हड़ताल जारी रखे थे वह मांगों को लेकर नहीं बल्कि पुत्र मोह को लेकर हड़ताल में बैठे थे, तभी बड़े नेता द्वारा हड़ताल स्थगित करने के बाद भी वह उनमें अड़े रहे। क्योंकि मांगों का तो बहाना था जबकि उक्त नेता को अपने पुत्र को विश्वविद्यालय में सेट करना है। जब उनकी नहीं चली और बड़े नेता ने भी हड़ताल खत्म कर दी तो संघ के उक्त नेता ने अपने ही संघ के बड़े नेता के खिलाफ मोर्चा खोल अविश्वास प्रस्ताव की तैयारी कर रहे हैं। अब देखना होगा संघ के इस अखाड़े में किसका दाव चलता है।

### आत्महत्या तक का कर लिया प्रयास फिर भी नहीं आ रही दया...

साहब.. मैंने आपके अतिक्रमण विभाग के प्रभारी की प्रताड़नाओं के चलते आत्महत्या करने का प्रयास भी कर लिया है उसके बाद भी वे सुधर नहीं रहे हैं और मुझे अवैध वसूली के लिए प्रताड़ित कर रहे हैं, आप उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई कीजिए... ये बात लाल बिल्डिंग के बड़े साहब ने जैसे ही पीड़ित से सुनी वैसे ही साहब के कान खड़े हो गए और उन्होंने आनन-फानन में अतिक्रमण प्रभारी को आड़े हाथों लेकर पूछताछ शुरू कर दी। पूरा मामला नगर निगम के अतिक्रमण प्रभारी पर अवैध वसूली के आरोप से जुड़ा है जिसकी जांच अब बड़े साहब के चहेते ही कर रहे हैं। आने वाले दिनों में देखना होगा कि कार्रवाई की जद में क्या अतिक्रमण प्रभारी गुनाहगार साबित होते हैं या फिर पीड़ित ही गुनाहगार बनता नजर आएगा।

### आप बनो स्मार्ट हमारा क्या है!

आजकल का दौर आधुनिकता का दौर है। इस दौर में हम सरकार के कहने पर स्मार्ट तो होते जा रहे हैं, लेकिन कुछ सरकारी विभाग अभी भी आधुनिकता की इस दौड़ में कम से कम नहीं मिल पा रहे हैं। सुनने में हैरानी होगी लेकिन सत्य है कि आजकल छोटे से छोटे आशियाने में भी बिजली बनाने की सोलर प्लेट लगी दिखाई देती है परंतु शहर के मध्य में स्थित बिजली विभाग के ऑफिस में आज तक अमला इस प्लेट को लगाने छत पर नहीं चढ़ सका है।

### साहब बच्चों की भी ड्यूटी करवा रहे

शीर्षक एक टीआई से जुड़ा है। साहब थाने को घर बनाकर विराजमान होने लगे है। साहब जब घर से थाने पहुंचते है तो अपने बच्चे को साथ लेकर आते है कहीं जाना हो तो बच्चे को थाने में छोड जाते है। फिर क्या जन सेवा के साथ साहब के बच्चे की ड्यूटी भी करनी पड़ रही है। कुछ जवानों को यह बात रास नहीं आ रही और वह कानाफूंसी करने लगे हैं कुछ तो यह भी कह रहे है कि सीधे गोपनीय शिकायत कप्तान को कर देते है वरना वो दिन दूर नहीं होगा जब साहब घर का काम भी करवाने लगेंगे।

अमन पटेल, विवेक दुबे, धनंजय श्रीवास्तव, अजहर खान

# बादलों का साया छटने के बाद ठंड दिखाएगी तेवर

### आज बारिश के आसार, सुबह-रात में गुलाबी ठंड



**जबलपुर।** सक्रिय मौसम प्रणालियों ने मौसम बिगाड़ दिया है। मौसम में अचानक बदलाव आने के साथ तापमान में उतार चढ़ाव का दौर चल रहा है। शनिवार को सुबह से बादलों का डेरा था। दिनभर बादलों और सूर्यदेव के बीच आंख मिचौली का खेल चलता रहा। सूर्यदेव निकलने को बेताब रहे लेकिन बादल के सामने सूरज की नहीं चल सकी। मौसम के बदले मिजाज से रात और सुबह गुलाबी ठंड बनी हुई है। मौसम विभाग की माने तो बादलों का आसमान से साया हटने के ही ठंड तेवर दिखायेगी। आज जिले में वर्षा की संभावना है। इसके साथ ही रात का तापमान बढ़ने के आसार है।सोमवार से बादल हट जाएंगे एवं हवा की दिशा बदलकर उत्तर-पूर्व हो जाएगी। इसके बाद 13 नवंबर तक वर्षा के असार नहीं है। शनिवार को अधिकतम तापमान 27.9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया जो सामान्य से 4 डिग्री कम रहा। न्यूनतम तापमान 20.8 डिग्री पर पहुंच गया जो सामान्य से चार डिग्री अधिक रहा। सुबह के वक्त आद्रता 93 और शाम को 85 प्रतिशत दर्ज हुई। उत्तर-पूर्वी हवाएं हवाएं तीन किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से चली। मौसम विभाग के मुताबिक एक निम्न दबाव क्षेत्र, पश्चिम बंगाल के गंगा तटीय क्षेत्र के उत्तरी हिस्सों और निकटवर्ती क्षेत्रों अवस्थित है व इससे संबंधित चक्रवातीय परिसंचरण माध्य समुद्र तल से 3.1 किमी की ऊंचाई पर सक्रिय है। इसके उत्तर-उत्तर-पूर्व की ओर बढ़ने और अगले 12 घंटों के दौरान कमज़ोर पड़ने की संभावना है। ऊपरी हवा का चक्रवातीय परिसंचरण, दक्षिण म्यांमार तट और निकटवर्ती उत्तरी अंडमान सागर पर माध्य समुद्र तल से 5.8 किमी की ऊंचाई पर सक्रिय है। इसके प्रभाव से, अगले 24 घंटों के दौरान पूर्वी-मध्य बंगाल की खाड़ी में एक निम्न दबाव क्षेत्र बनने की संभावना है। 3 नवंबर की रात से एक नया पश्चिमी विक्षोभ के पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र को प्रभावित करने की संभावना है।

# दो स्कूली बसों पर जुर्माना

### लिटिल वर्ल्ड स्कूल की बसों में नहीं मिले सुरक्षा मानक एवं दस्तावेज



**नवभारत,जबलपुर।** स्कूली बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यातयात पुलिस द्वारा स्कूली वाहनों की चैकिंग की गई। चेकिंग के दौरान लिटिल वर्ल्ड स्कूल तिलवारा की बसों की जांच के दौरान दो बसों में सुरक्षा मानक एवं दस्तावेज अपूर्ण पाए गए, जिन पर कुल 6000 रुपए का समन जारी कर चालानी कार्यवाही की गई। इसी दौरान वाहन चालकों को सुप्रीम कोर्ट द्वारा जारी स्कूली वाहनों संबंधी गाइडलाइन का पालन करने के निर्देश दिए गए। साथ ही मॉडिफाई साइलेंसर लगाकर ध्वनि प्रदूषण करने वाले वाहनों पर भी कार्रवाई की गई एवं साइलेंसर हटवाए गए। यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) सुश्री अंजना तिवारी के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस द्वारा की गई। इसके साथ ही ज्ञानगंगा कॉलेज तिलवारा एवं गढ़ा बाजार क्षेत्र में यातायात पुलिस द्वारा छात्रों व आमजन को हेलमेट पहनने के प्रति जागरूक किया गया।

# जिला न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीशों के पेंशन मामले में वित्त सचिव तलब

**जबलपुर।** पेंशन प्राप्त जिला न्यायालय के सेवानिवृत्त जज की एसोसिएशन ने जिला व सत्र न्यायालय के अनुमोदन के बिना भत्ता राषि जारी नहीं करने के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी थी। हाईकोर्ट में चीफ जस्टिस संजीव कुमार सचदेवा तथा जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ ने याचिका की सुनवाई करते हुए वित्त विभाग के सचिव को तलब किया है। पूर्व न्यायाधीश कल्याण एसोसिएशन की तरफ से दायर याचिका में कहा गया था कि साल 2005 के बाद जिला न्यायालय में नियुक्त न्यायाधीशों को पेंशन का लाभ नहीं मिलता है। इसके पूर्व के न्यायाधीशों को पेंशन के अलावा अलग-अलग भत्ते के तौर पर राषि प्रदान की जाती थी। साल 2005 के बाद सेवा में आये न्यायाधीशों ने सेवानिवृत्ति के बाद भत्ता राषि जो वर्तमान में 15 हजार रुपये है,उसे प्रदान करने राज्य सरकार के समक्ष अभ्यावेदन पेष किया था। राज्य सरकार ने अलग-अलग मद में मिलने वाले भत्ता राषि सेवानिवृत्त सभी जिला न्यायाधीशों को प्रदान करने के आदेश जारी किये थे। इसके साथ सरकार ने यह भी शर्तें निर्धारित कर दी कि राषि प्रदान करने के लिए जिला एवं सत्र न्यायाधीश का अनुमोदन प्रतिवर्ष आवष्यक है।

याचिका पर हुई सुनवाई के दौरान षासकीय अधिवक्ता ने सरकार से दिषा-निर्देष प्राप्त करने समय प्रदान करने का आग्रह किया गया। याचिकाकर्ता की तरफ से बताया गया कि राज्य सरकार के अधिकारियों के लिए ऐसा कोई प्रावधान नहीं किया गया है और वे पद छोड़ने के बाद अपने निवास स्थान पर जीवन प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं। मामले के तथ्यों और परिस्थितियों की विशिष्ट प्रकृति को ध्यान में रखते युगलपीठ ने वित्त सचिव को तलब किया है। याचिकाकर्ताओं की तरफ से अधिवक्ता हितेश शर्मा ने पैरवी की।

### सुप्रा डायग्नोस्टिक सेंटर को तत्काल खोलने के निर्देश

मप्र हाईकोर्ट ने राइट टाउन स्थित सुप्रा डायग्नोस्टिक सेंटर को तत्काल खोलने के निर्देश दिए। सेंटर को सील करने को चुनौती देने के मामले में जस्टिस विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने जिला दंडाधिकारी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, एसडीएम व अन्य को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है। जबलपुर निवासी सेंटर के संचालक मोहम्मद सज्जाद की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मोहम्मद अली व अधिवक्ता शारिक अकील फारुकी ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि सीएमएचओं ने 14 जुलाई को आदेश जारी कर उक्त सेंटर का रजिस्ट्रेशन व लायसेंस तत्काल प्रभाव से निरस्त करके उसे सील कर दिया था। न्यायालय को बताया गया कि इसी संपत्ति को लेकर पूर्व में नगर निगम ने निर्माण गिराने का नोटिस जारी किया था, जिस पर हाईकोर्ट ने अंतरिम रोक लगा दी थी।

### कालेज प्राचार्य को हाईकोर्ट से राहत

मप्र हाईकोर्ट ने शासकीय कॉलेज की प्राचार्य को वरिष्ठ स्केल व चतुर्थ पे-बैंड का लाभ प्रदान करने के निर्देश दिये हैं। जस्टिस एमएस भट्टी की एकलपीठ ने आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग भोपाल को 60 दिन में इस संबंध में निर्णय पारित करने के निर्देश दिये है। शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय सागर में प्राचार्य डॉ. सरोज गुप्ता की ओर से अधिवक्ता सचिन गुप्ता ने पक्ष रखा।

# सिहोरा में चंडी मेला घूमने निकले युवक की हत्या



**जबलपुर।** सिहोरा थाना अंतर्गत भिटोनी में चंडी मेले में विवाद के बाद एक युवक की हत्या कर दी गई। हत्या किसने और किन कारणों से की है इसका फिलहाल पता नहीं चल सका है। सूचना मिलते ही पुलिस, एफएसएल टीम मौका-ए-वारदात पर पहुंच गई और घटना स्थल से अहम सुराग जुटाते हुए अज्ञात के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गई है।


पुलिस के मुताबिक सीताराम कोल 65 वर्ष निवासी ग्राम भिटोनी वर्तमान पता मनसकरा प्रदीप साहू का खेत सिहोरा ने बताया कि लगभग 4 माह से अपनी पत्नी एवं छोटे लड़के अजय कोल के साथ मनसकरा मोहल्ला सिहोरा में प्रदीप साहू के खेत में रहकर काम करता है एवं खेत की तकाई करता है उसका बड़ा बेटा कैलाश कोल 40 वर्ष अपनी पत्नी एवं दोनों बच्चों के साथ ग्राम भिटौनी में रहता था कैलाश मकान सेंटिंग का काम करता था शनिवार सुबह लगभग 7 बजे उसके गांव का कोटवार सूरज दाहिया उसके छोटे लडके अजय कोल के मोबाइल पर कॉल करके उसे बताया कि कैलाश गांव में नहर के पास जेठू गड़ारी के खेत में पड़ा है जिसके सिर में चोटें हैं। जानकारी मिलने पर वह अपने छोटे लडके अजय कोल के साथ गांव पहुंचा जहां देखा उसका बड़ा बेटा कैलाश मृत अवस्था में पड़ा था कैलाश के सिर में किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोट पहुँचाकर हत्या कर दी है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि कैलाश शुक्रवार की रात चंडी मेले में गया था।इसके बाद घर लौटकर नहीं आया। चिंतित परिजन उसकी तलाश में जुट गए अपने स्तर पर खोजबीन करते हुए रिश्तेदारों, दोस्तों के यहां पूछताछ की लेकिन उसका कहीं कोई सुराग नहीं लग रहा था। शनिवार सुबह खेत में कैलाश का खून से लथपथ शव पड़ा मिला था। सूचना मिलते ही परिजन पहुंचे। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छानबीन करते हुए आरोपी की पतासाजी शुरू कर दी है। जांच में यह बात सामने आ रही कि मेले में कैलाश का किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। युवक के सिर में किसी भारी वस्तु से वार कर हत्या की गई है। फिलहाल पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है।

### युवक की मिली लाश, हत्या की आशंका

बरेला थाना अंतर्गत बारहा समाधी रोड कैनाल पुल के पास एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में लाश पड़ी मिली। मृतक के शरीर में चोट के निशान है जिसके चलते हत्या की आशंका जाहिर की जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और जांच पड़ताल शुरू कर दी है। मृतक कौन है इसका पता नहीं चल सका है। पुलिस के मुताबिक एक अज्ञात युवक का शव ग्राम बारहा समाधी रोड कैनाल पुल के पास शनिवार को संदिग्ध अवस्था में मिला जिसके सिर पर चोट है। मृतक की उम्र करीबन 45 साल है जो सफेद रंग की हाफ शर्ट पहना है जिसकी पीठ तरफ जबलपुर फेफड़ों को बचाओ छपा है। सूचना पर एफएसएल अधिकारी डॉक्टर अजय सिंह, तथा फिंगर प्रिंट की टीम एवं डॉग स्क्वॉड, मौके पर पहुंचे। वरिष्ठ अधिकारियों एवं एफएसएल टीम की उपस्थिति में पंचनामा कार्यवाही कर शव को पीएम को लिया भेजा गया। पुलिस मृतक की शिनाख्तगी के प्रयास में जुट गई है। साथ ही गुमशुदगी रिकॉर्ड को भी खंगाला जा रहा है। पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण पता चल सकेगा जिसके बाद आगे की कार्रवाई होगी।

# जनशिक्षक ने शिक्षक पर किया पानी की बोतल से हमला

### पाटन के इमलिया स्कूल में शिक्षक-जनशिक्षक में मारपीट



**नवभारत,जबलपुर।** पाटन विकासखंड के इमलिया प्राथमिक शाला में शनिवार को स्कूल परिसर में शिक्षक और जनशिक्षक के बीच झगड़ा मारपीट तक पहुँच गया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जनशिक्षक अरविंद तिवारी ने शिक्षक गुडडू बर्मन पर पानी की बोतल से हमला कर दिया। इस घटना का वीडियो सामने आने के बाद शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया है। शिक्षक गुडडू बर्मन ने सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर कर बताया कि वे कक्षा में बच्चों को पढ़ा रहे थे, तभी अचानक जनशिक्षक अरविंद तिवारी स्कूल पहुंचे और बिना किसी वजह के गाली-गलौज करने लगे। जब शिक्षक ने विरोध किया और शांत रहने को कहा, तो जनशिक्षक ने आगबबूला होकर पानी की बोतल उठाकर हमला कर दिया। घटना के बाद शिक्षक ने मामले की डीओ पाटन को लिखित शिकायत देकर जनशिक्षक के खिलाफ सख्त विभागीय कार्रवाई करने की मांग की है।

### शिक्षा विभाग में मची हलचल

वीडियो सामने आने के बाद पाटन विकासखंड के शिक्षा विभाग में हलचल मच गई। अधिकारियों ने घटना की जांच के आदेश दे दिए हैं। सूत्रों के अनुसार, जनशिक्षक अरविंद तिवारी से स्पष्टीकरण मांगा जाएगा, और दोषी पाए जाने पर विभागीय कार्रवाई तय मानी जा रही है।

### स्टाफ ने तुरंत अलग किया, मामला बढ़ा

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मारपीट की आवाज सुनकर अन्य शिक्षक और स्कूल स्टाफ मौके पर पहुँचे और दोनों को अलग किया। शिक्षक गुडडू बर्मन के अनुसार यह पहली बार नहीं है जब जनशिक्षक ने अभद्र व्यवहार किया है, इससे पहले भी कई बार उन्होंने स्कूल में विवाद खड़ा किया है।

### इनका कहना है

घटना की जानकारी लगी है बीईओ पाटन को मामले की जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

**घनश्याम सोनी**
**जिला शिक्षा अधिकारी**
















स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्राईवेट लिमिटेड हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा प्रेस कॉम्प्लेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. स्थानीय संपादक अविनाश दीक्षित*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-0761-4109072, E mail-navbharat.418@gmail.com पो.रजि.नं.201-04/2003 RIN Reg No.1537/57